**एक नजर में**

## जागरुकता कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरपी शांडिल्य के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव, अवसाद, चिंता एवं उनके समाधान के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना तथा सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना था।**

इस अवसर पर यांत्रिक अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा एवं कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष दीपक खम्परिया विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश प्रदान किए। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में जनेन्द्र गौतम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त जीवन, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, योग एवं संवाद की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य सहायता हेतु उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई तथा संदेश दिया गया।

# समान नागरिक संहिता को लेकर लिए सुझाव

**कानूनविद् अनूप नायर की अध्यक्षता में हुई बैठक**

**विभिन्न वर्गों, विधि-विशेषज्ञों ने दिए सुझाव**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। पीएम श्री पीजी कॉलेज में शनिवार को समान नागरिक संहिता यूसीसी को लेकर गठित उच्च स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कानूनविद् अनूप नायर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों, विधि विशेषज्ञों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से सुझाव एवं राय ली गई।**

बैठक का उद्देश्य प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने से पहले आम जनता, सामाजिक संगठनों और विशेषज्ञों के विचार जानना तथा कानून के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा करना था। समिति ने उपस्थित लोगों के सुझावों को गंभीरता से सुना और उन्हें आगामी रिपोर्ट में शामिल किए जाने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने एससी-एसटी एक्ट का मुद्दा उठाया। उन्होंने समिति से सवाल किया कि क्या समान नागरिक संहिता के दायरे में इस कानून को भी शामिल किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान समय में इस कानून के कथित दुरुपयोग की शिकायतें सामने आती हैं, इसलिए इस विषय पर भी विचार किया जाना चाहिए। जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने सामाजिक समानता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जब तक समाज के सभी वर्गों का जीवन स्तर और अवसर समान नहीं हो जाते, तब तक आरक्षण व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और समान अवसर सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में उपस्थित कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी ने मध्य प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न कानूनों में मौजूद विसंगतियों और असमानताओं को दूर करने के लिए यूसीसी एक महत्वपूर्ण और आवश्यक कदम साबित हो सकता है। बैठक के दौरान समिति ने विभिन्न वर्गों से प्राप्त सुझावों को संकलित किया। माना जा रहा है कि प्रदेश सरकार को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट में इन सुझावों और चिंताओं को शामिल किया जाएगा, जिससे भविष्य में समान नागरिक संहिता के स्वरूप को तय करने में मदद मिल सके।

### कानून लागू करने का किया समर्थन

बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने एससी-एसटी एक्ट का मुद्दा उठाया। उन्होंने समिति से सवाल किया कि क्या समान नागरिक संहिता में इस एक्ट को भी शामिल किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों ने तर्क दिया कि वर्तमान में इस कानून का दुरुपयोग बढ़ रहा है, जिस पर विचार करना आवश्यक है।जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने सामाजिक समानता पर जोर देते हुए कहा कि आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए, जब तक सभी वर्गों का जीवन स्तर एक जैसा न हो जाए। वहीं, कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी ने मध्य प्रदेश में लागू करने का समर्थन किया।

### विधायक हरिशंकर खटीक ने भी रखी बात

जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने कार्यक्रम में शामिल होते हुए कहा कि कानूनों में मौजूद मौजूदा विसंगतियों को दूर करने के लिए यह एक जरूरी कदम है। समिति सदस्य अनूप नायर ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में जनपरामर्श कर सुझाव जुटाए जा रहे हैं। बैठक में मौजूद नागरिकों और न्यायविदों ने विवाह, तलाक, गोद लेने और उत्तराधिकार जैसे पारिवारिक कानूनों पर अपनी राय दी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और एसपी मनोहर सिंह मंडलोई की मौजूदगी में दर्ज किए गए इन सुझावों को समिति अपनी रिपोर्ट में शामिल कर शासन को सौंपेगी। सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए ।

# तालाब में मिला शव



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। महेंद्र सागर तालाब में बीती देर शाम करीब 6 बजे एक शख्स की लाश मिली। वहां से गुजर रहे लोगों ने जब पानी में लाश देखीए तो तुरंत कोतवाली पुलिस को खबर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया।**

शुरुआत में मृतक की पहचान नहीं हो पा रही थी लेकिन बाद में उसकी शिनाख्त दिनेश कुमार साहू 43 वर्ष के रूप में हुई। दिनेश टीकमगढ़ के नारगुड़ा दरवाजा स्थित संतोषी माता मंदिर के पास का रहने वाला था। परिजन के मुताबिकए वह कल रात से बिना बताए घर से कहीं गया हुआ था। कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि मृतक ने आसमानी रंग की शर्ट और नीले रंग की पैंट पहनी हुई थी। हालांकि पुलिस को उसके कपड़ों की तलाशी के दौरान कोई मोबाइल, पर्स या आईडी कार्ड नहीं मिला था जिससे पहचान में थोड़ी मुश्किल आई। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। पुलिस का कहना है कि शिनाख्त होने के बाद अब पोस्टमार्टम कराया जाएगा। फि लहाल मर्ग कायम कर लिया गया है और पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह महज एक हादसा है या इसके पीछे कोई और वजह है। महेंद्र सागर तालाब में बीती देर शाम करीब 6 बजे एक शख्स की लाश मिली। वहां से गुजर रहे लोगों ने जब पानी में लाश देखीए तो तुरंत कोतवाली पुलिस को खबर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया।

# सड़क हादसे में बुजुर्ग घायल, उपचार जारी



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। एक सड़क हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। देहात थाना क्षेत्र के लखौरा गांव में गिट्टी से भरे एक डंपर ट्रक ने साइकिल से जा रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी।**

जानकारी के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग का पैर बुरी तरह कुचल गया। उन्हें तत्काल गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया।


सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।जांच में सामने आया कि गिट्टी से भरा यह हाइवा ट्रक बिना नंबर प्लेट के चल रहा था। हालांकि पुलिस को ट्रक के अंदर से दो नंबर प्लेटें मिली हैं, जिनकी जांच की जा रही है। घायल की पहचान 70 वर्षीय नारायण यादव निवासी लखौरा के तौर पर हुई है। वह साइकिल से अपने खेत से घर जा रहा था। इसी दौरान डंपर ने टक्कर मार दी।लोगों का कहना है कि इस रास्ते पर आधा दर्जन से ज्यादा क्रेशर प्लांट लगे हैं। सैकड़ों की संख्या में ट्रक गिट्टी और रेत लेकर निकलते हैं।ज्यादातर ट्रकों में नंबर प्लेट नहीं लगी रहती। पुलिस और यातायात विभाग की ओर से ऐसे ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। फिलहाल पुलिस में ट्रक जप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चयन प्रक्रिया के लिए की गई चर्चा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला सैन्य कल्याण अधिकारी रिटायर लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश सिंह द्वारा शौर्य संकल्प योजना अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों का मोटिवेशन किया गया । पैरामिलिट्री फोर्सेस में चयन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी।**

सिंह ने बताया जो ग्रामीण अंचलों के विधार्थियों जो पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्सेस, सैना में जाना चहते हैं उनके लिए एक योजना कारगर साबित होगी। विद्यार्थियों को फि जिकल ट्रेनिंग तथा सैद्धांतिक विषयों के अध्ययन में किन-किन बातों का विशेष ध्यान रखना है।

# देर रात प्री-मानसून ने दी दस्तक, चली आंधी



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शुक्रवार देर रात प्री-मानसून ने दस्तक दी। तेज आंधी-तूफान के साथ शुरू हुई बारिश रात भर रुक-रुककर जारी रही। मौसम बदलने से लोगों को लंबे समय से चल रही भीषण गर्मी से राहत मिली।**

बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रात का न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री से घटकर 23 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं दिन के अधिकतम तापमान में भी करीब 3 डिग्री की कमी दर्ज हुई जो गुरुवार के 45 डिग्री से घटकर 42 डिग्री सेल्सियस रहा। भूअभिलेख कार्यालय के अनुसारए पिछले 24 घंटे में टीकमगढ़ तहसील में 29 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। खरगापुर में 27 मिलीमीटर पलेरा में 20 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा जतारा में 10 मिलीमीटर मोहनगढ़ में 7 मिलीमीटर और लिधौरा में 8 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

## स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में गर्भवती माताओं का अनमोल पोर्टल पर पंजीयन की समीक्षा की जो संतोष जनक नहीं पाई गई जिस पर कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को विस्तृत रूप से सेक्टर वाइज समीक्षा करने के निर्देश दिए।**

आगामी 7 जून तक 90 प्रतिशत तक प्रगति करना सुनिश्चित करें और एएनसी रजिस्ट्रेशन में जो गैप है, किस कारण से यह एएनसी शेष हैं, उनकी समग्र आईडी नहीं बनी है,या कोई अन्य कारण सहित सूची प्रदाय करें। सभी विकासखण्डों को उक्त गैप समाप्त करने एवं सूची प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया गया।

# पत्रकारिता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**नवभारत न्यूज, जतारा। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर क्षेत्र के पत्रकारों का एक गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों ने हिंदी पत्रकारिता की गौरवशाली परंपरा, वर्तमान चुनौतियों तथा समाज के प्रति पत्रकारों की जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श किया।**

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार आदम कादरी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारों को आपसी प्रतिस्पर्धा के बजाय सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते हुए निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पत्रकार की अपनी विशिष्ट कार्यशैली होती है, जिसका सम्मान किया जाना चाहिए। पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता समाज की आवाज है और पत्रकारों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करना चाहिए। बालकिशन प्रजापति ने पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों और सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला, जबकि दशरथ विश्वकर्मा ने लोकतंत्र में पत्रकारों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।लाली झा ने जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और समाज के प्रति जवाबदेही निभाने पर बल दिया। आलोक भार्गव ने हिंदी पत्रकारिता दिवस के इतिहास एवं महत्व की जानकारी साझा की। वहीं हैरान यादव ने पत्रकारों से समाजहित में सक्रिय, जागरूक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बॉबी दुबे ने भी पत्रकारिता के आदर्शों, नैतिक मूल्यों और जनसेवा की भावना को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर सत्तार खान, भगवानदास झलाली, शिवम पंडित सहित क्षेत्र के अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

# शराब के विरोध में ग्रामीणों का जोरदार प्रदर्शन

**कुड़ियाला गांव के ग्रामीणों का फूटा गुस्सा**

**सामाजिक माहौल बिगाड़ने का लगाया आरोप**



**नवभारत न्यूज, जतारा। कनेरा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुड़ियाला गांव में शराब के विरोध को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने पलेरा-जतारा मार्ग पर प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दी। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि गांव और आसपास के क्षेत्र में शराब की बिक्री एवं सेवन से सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है, जिससे परिवारों और युवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।**

ग्रामीण महिलाओं ने सड़क पर बैठकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन के कारण कुछ समय के लिए पलेरा-जतारा मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा और वाहनों की कतारें लग गईं।ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। इसी के विरोध में ग्रामीणों को सड़क पर उतरना पड़ा।

सूचना मिलने पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी। अधिकारियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद स्थिति सामान्य होने की जानकारी मिली। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शराब बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। पलेरा। कनेरा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुड़ियाला गांव में शराब के विरोध को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने पलेरा-जतारा मार्ग पर प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दी।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि गांव और आसपास के क्षेत्र में शराब की बिक्री एवं सेवन से सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है, जिससे परिवारों और युवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसी के विरोध में ग्रामीणों को सड़क पर उतरना पड़ा।सूचना मिलने पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी। अधिकारियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद स्थिति सामान्य होने की जानकारी मिली।

**लापरवाही** | जल-संग्रहण धरातल पर दिख रहा शून्य

# ग्राम पंचायत गोर में मशीनों से हो रहा तलैया का निर्माण कार्य



**नवभारत न्यूज, मोहगनढ़। जतारा जनपद सहित जिले के कई ग्रामीण इलाकों में अनुपयोगी स्थानों पर जल संरक्षण योजनाओं जैसे तलैया का निर्माण अक्सर स्थानीय लोगों की उपेक्षा और प्रशासनिक लापरवाही का कारण बनता है। अनुपयुक्त जगह, जल भराव क्षमता में कमी और गलत डिजाइन के कारण ग्रामीणों को इन निर्माणों से लाभ की उम्मीद नहीं रहती है। ऐसा ही कारनामा जनपद पंचायत जतारा की ग्राम पंचायत गोर में सरपंच सचिव द्वारा किया गया। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत गोर में कराए गए निर्माण कार्यों की जांच किए जाने की मांग की है।**

ग्राम पंचायत गोर में बादली हार में बगैर जल भराव की स्थिति को जाने बिना मशीनों का उपयोग कर रातों-रात एक तलैया का निर्माण कराया गया जो पंचायती मापदंडों से परे है। ग्रामीणों को आरोप है कि ग्राम पंचायत गोर के सरपंच सचिव द्वारा अधिकांश निर्माण कार्यों में मशीनों का उपयोग किया जाता है जिससे गांव के लोगों को रोजगार नहीं मिलता है और ग्रामीणों को पलायन करना पड़ता है। ग्राम पंचायत में पंच प्रतिनिधि दिनेश रजक ने जानकारी देते हुए बताया पंचायत में कई बार ऐसी जगहों पर तलैया का निर्माण कर दिया जाता है जहाँ जल-संग्रहण शून्य होता है, जिसके कारण बारिश के बाद भी गड्ढे खाली रह जाते हैं। यदि निर्माण कार्य आबादी से बहुत दूर होता है, तो न तो मवेशियों को इसका लाभ मिलता है और न ही निस्तार के लिए पानी पहुँच पाता है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत गोर में कराए गए निर्माण कार्यों की जांच किए जाने की मांग की है। जतारा जनपद सहित टीकमगढ़ जिले के कई ग्रामीण इलाकों में अनुपयोगी स्थानों पर जल संरक्षण योजनाओं जैसे तलैया का निर्माण अक्सर स्थानीय लोगों की उपेक्षा और प्रशासनिक लापरवाही का कारण बनता है। अनुपयुक्त जगह, जल भराव क्षमता में कमी और गलत डिजाइन के कारण ग्रामीणों को इन निर्माणों से लाभ की उम्मीद नहीं रहती है। ऐसा ही कारनामा जनपद पंचायत जतारा की ग्राम पंचायत गोर में सरपंच सचिव द्वारा किया गया। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत गोर में कराए गए निर्माण कार्यों की जांच किए जाने की मांग की है। निर्माण कार्यों को लेकर मोहनगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोर के ग्रामीणों काफी रोष व्याप्त है। सभी ग्रामीणों ने इसको लेकर जिला कलेक्टर से जांच कराए जाने की मांग की है।

### प्रशासनिक लापरवाही का आरोप

जतारा जनपद सहित टीकमगढ़ जिले के कई ग्रामीण इलाकों में अनुपयोगी स्थानों पर जल संरक्षण योजनाओं जैसे तलैया का निर्माण अक्सर स्थानीय लोगों की उपेक्षा और प्रशासनिक लापरवाही का कारण बनता है। अनुपयुक्त जगह, जल भराव क्षमता में कमी और गलत डिजाइन के कारण ग्रामीणों को इन निर्माणों से लाभ की उम्मीद नहीं रहती है।

## मौसम को लेकर किसानों को दी सलाह

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। वर्तमान में बढ़ रहे तापमान और लू हीट बेव के कारण कुक्कुट मुर्गी पालकों के सामने मुर्गियों के स्वास्थ्य और उत्पादन को बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है। गर्मी के मौसम में मुर्गियों को श्हीट स्ट्रेसश् गर्मी का तनाव होने से उनकी मृत्यु दर बढ़ सकती है और अंडों, मांस के उत्पादन में गिरावट आ सकती है।**

इसे ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र, टीकमगढ़ के पशुधन प्रभारी एवं मत्स्य वैज्ञानिक डॉ. सतेंद्र कुमार ने केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.एस. किरार के मार्गदर्शन में मुर्गियों की उचित देखभाल के लिए निम्नलिखित तकनीकी सलाह जारी की है।

मुर्गी शेड की छतों पर पुआल, बोरी या घास डालें और दिन में 2-3 बार पानी का छिड़काव करें ताकि शेड के भीतर का तापमान नियंत्रित रहे। गर्मी के मौसम में मुर्गियों को श्हीट स्ट्रेसश् गर्मी का तनाव होने से उनकी मृत्यु दर बढ़ सकती है और अंडों, मांस के उत्पादन में गिरावट आ सकती है।